इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 41] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 11 अक्टूबर 2013—आश्विन 19, शक 1935

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 सितम्बर 2013

क्र. ई-1-281-2013-5-एक.— श्री आई. एस. दाणी, भाप्रसे (1980), अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग को अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल पदस्थ किया जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री आई. एस. दाणी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन भाप्रसे (वेतन नियमावली, 2007 के नियम 9 के अन्तर्गत विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में ऊपर दर्शित नियमों की अनुसूची II में सम्मिलित अध्यक्ष, राजस्व मंडल, ग्वालियर के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

(3) श्री एम. एम. उपाध्याय, भाप्रसे (1981) कृषि उत्पादन आयुक्त एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहकारिता, पशुपालन, मछलीपालन तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

भोपाल, दिनांक 18 सितम्बर, 2013

क्र. ई-1-283-2013-5-एक.—इस विभाग के आदेश क्रमांक ई-1-280-2013-5-एक, दिनांक 17 सितम्बर, 2013 के अनुक्रम में श्री ॲन्टोनी जे. सी. डिसा, भाप्रसे (1980), अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा परिवहन विभाग द्वारा मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण करने तक के लिए उन्हें अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ पदेन विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय घोषित किया जाता है.

क्र. ई-5-562-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री जे. एन. कांसोटिया, आयएएस, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को दिनांक 23 से 26 सितम्बर 2013 तक चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री जे. एन. कांसोटिया की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री व्ही. एस. निरंजन, भाप्रसे आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री जे. एन. कांसोटिया को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री जे. एन. कांसोटिया द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री व्ही. एस. निरंजन उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री जे. एन. कांसोटिया को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जे. एन. कांसोटिया, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-805-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री विनोद सिंह बघेल, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग को दिनांक 30 सितम्बर 2013 से 11 अक्टूबर 2013 तक बारह दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 29 सितम्बर 2013 एवं 12, 13 अक्टूबर 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री विनोद सिंह बघेल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री विनोद सिंह बघेल, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विनोद सिंह बघेल, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 19 सितम्बर 2013

क्र. ई-5-448-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती सुरंजना रे, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पिछड़ावर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को दिनांक 7 से 11 अक्टूबर 2013 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 6 एवं 12, 13 अक्टूबर 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्रीमती सुरंजना रे की अवकाश अवधि में उनका प्रभार डॉ. जे. टी. एक्का, भाप्रसे प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग तथा साप्रवि (मानव अधिकार) को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती सुरंजना रे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पिछड़ावर्ग तथा अल्पसंख्याक कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती सुरंजना रे, द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पिछड़ावर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. जे. टी. एक्का उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती सुरंजना रे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती सुरंजना रे, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 20 सितम्बर 2013

क्र. ई-1-277-2013-5-एक.—श्री आशीष सिंह, भाप्रसे (2010), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर, जिला बालाघाट को अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन

अधिकारी, जिला पंचायत, इंदौर (कनिष्ठ वेतनमान) पदस्थ किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 24 सितम्बर 2013

क्र. ई-5-562-आयएएस-लीव-5-एक.—समसंख्यक आदेश दिनांक 24 सितम्बर 2013 द्वारा श्री जे. एन. कांसोटिया, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को दिनांक 23 से 26 सितम्बर 2013 तक स्वीकृत अर्जित अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री संजय सिंह, प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को सौंपा गया है, में आंशिक संशोधन करते हुए श्री कांसोटिया की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री संजय सिंह के स्थान पर अब श्री अजय तिर्की, भाप्रसे प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा तथा श्रम विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

क्र. ई-5-562-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) समसंख्यक आदेश दिनांक 18 सितम्बर 2013 द्वारा श्री जे. एन. कांसोटिया, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को दिनांक 23 से 26 सितम्बर 2013 तक चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया है तथा अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री व्ही. एस. निरंजन, भाप्रसे आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा गया है.

(2) श्री जे. एन. कांसोटिया की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री व्ही. एस. निरंजन, आयुक्त, उच्च शिक्षा के स्थान पर अब श्री संजय सिंह, प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 7 अक्टूबर 2013

क्र. ई-1-307-2013-5-एक.—श्री आर. के. चतुर्वेदी, भाप्रसे (1987), राहत आयुक्त एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व, पुनर्वास तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक पुनर्वास आयुक्त एवं प्रमुख राजस्व आयुक्त का प्रभार अतिरिक्त रूप में सौंपा जाता है.

(2) श्रीमती रेनू तिवारी, भाप्रसे (2000), अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन साामग्री का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ॲन्टोनी जे. सी. डिसा, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 26 सितम्बर 2013

क्र. एफ ए-5-20-2012-एक-(1).—माननीय न्यायाधिपति श्री रोहित आर्य, जिनकी नियुक्ति भारत सरकार, विधि और न्याय मंत्रालय (न्याय विभाग), नई दिल्ली की अधिसूचना क्रमांक के. 13025-01-2013-यूएस. II, दिनांक 6 सितम्बर 2013 द्वारा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश के पद पर की गई है, ने अपने पद का कार्यभार दिनांक 12 सितम्बर 2013 को पूर्वान्ह में ग्रहण किया है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 10 सितम्बर 2013

क्र. बी-1-62-2013-2-एक.—सुश्री शिखा पोरस, राप्रसे डिप्टी कलेक्टर, मंदसौर ने आवेदन पत्र दिनांक 23 जुलाई 2013 द्वारा विवाहोपरांत उप नाम श्रीमती शिखा पोरस नरवाल परिवर्तित करने का अनुरोध किया है.

(2) राज्य शासन एतद्द्वारा सुश्री शिखा पोरस, राप्रसे के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उनका नाम कु. शिखा पोरस के स्थान पर श्रीमती शिखा पोरस नरवाल परिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान प्रदान करता है.

(3) उपरोक्तानुसार उप नाम परिवर्तन करने की प्रविष्टि श्रीमती शिखा पोरस नरवाल के सेवा अभिलेखों में की जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विद्या भोसले, अवर सचिव, कार्मिक.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 जुलाई 2013

क्र. एफ 25-5-2013-दस-3.—बांस की उपयोगिता को देखते हुए भारत शासन द्वारा राष्ट्रीय बांस मिशन प्रारंभ किया गया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक राज्य में राज्य बांस मिशन स्थापित किए जाने है. अत: बांस की उपलब्धता में कमी तथा बांस एवं बांस उत्पादों के विपणन में हो रही कठिनाईयों को दूर करने के लिये राज्य शासन एतद्द्वारा "मध्यप्रदेश राज्य बांस मिशन" (सोसायटी) का गठन करता है.

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2013

क्र. एफ 25-5-2013-दस-3.—राज्य शासन एतद्द्वारा प्रदेश में बांस शिल्पियों के मामलों पर सलाह देने हेतु मध्यप्रदेश राज्य बांस मिशन (सोसायटी) अन्तर्गत "मध्यप्रदेश बांस एवं बांस शिल्प विकास बोर्ड" का गठन करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रशांत कुमार, सचिव.

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 सितम्बर 2013

क्र. एफ-19-54-2013-एक-4.—राज्य शासन द्वारा रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थायें, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के अधीन क्रमांक 01-01-01-27116-13, दिनांक 15 जुलाई 2013 पर एम. पी. स्टेट बेम्बू मिशन समिति पंजीयित की गई है. एम. पी. स्टेट बेम्बू मिशन समिति की नियमावली की धारा 9 एवं 10 के तहत राज्य शासन एतद्द्वारा निम्नानुसार साधारण सभा समिति एवं कार्यकारिणी समिति का गठन किया जाता है:—

साधारण सभा समिति :

1.	वन मंत्री, मध्यप्रदेश शासन	अध्यक्ष
2.	अध्यक्ष, मध्यप्रदेश बांस एवं बांस शिल्प विकास बोर्ड.	उपाध्यक्ष
3.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग.	पदेन सदस्य
4.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति कल्याण विभाग.	पदेन सदस्य
5.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग.	पदेन सदस्य
6.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग.	पदेन सदस्य
7.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग.	पदेन सदस्य
8.	प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन, भोपाल.	पदेन सदस्य
9.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, भोपाल.	पदेन सदस्य
10.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सह. संघ, मर्या. भोपाल.	पदेन सदस्य
11.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन), मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन, भोपाल.	पदेन सदस्य
12.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनु. एवं विस्तार), मध्यप्रदेश सतपुड़ा भोपाल.	पदेन सदस्य
13.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन, भोपाल.	पदेन सदस्य
14.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संयुक्त वन प्रबंधक) मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन, भोपाल.	पदेन सचिव
15.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम, भोपाल.	पदेन सदस्य
16.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, भोपाल.	पदेन सदस्य
17.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम, भोपाल.	पदेन सदस्य
18.	मिशन संचालक, एम.पी. स्टेट बेम्बू मिशन समिति, भोपाल.	सदस्य सचिव
19.	समिति के नियम 11 के तहत समस्त नामांकित सदस्य.	नामांकित सदस्य.
20.	अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित सदस्य	विशेष आमंत्रित सदस्य.

कार्यकारिणी समिति :

1.	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन वन विभाग.	कार्यकारी अध्यक्ष.
2.	प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन, भोपाल.	पदेन सदस्य
3.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम, लिमिटेड, भोपाल.	पदेन सदस्य
4.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सह संघ मर्या. भोपाल.	पदेन सदस्य
5.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन, भोपाल.	पदेन सदस्य
6.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनु. एवं विस्तार) मध्यप्रदेश भवन, सतपुड़ा, भोपाल.	पदेन सदस्य
7.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण), मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन, भोपाल.	पदेन सदस्य
8.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संयुक्त वन प्रबंधक) मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन, भोपाल.	पदेन सदस्य
9.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम, भोपाल.	पदेन सदस्य
10.	मिशन संचालक, मध्यप्रदेश राज्य बांस मिशन भोपाल.	सदस्य सचिव
11.	अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित सदस्य	विशेष आमंत्रित सदस्य.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सरिता बाला, उपसचिव.

जेल विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 सितम्बर 2013

क्र. एफ-03-05-2013-तीन-जेल.—राज्य शासन प्रिजन्स एक्ट, 1894 की धारा-3 (1) सहपठित धारा-59 के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जिला जेल बड़वानी, नरसिंहपुर एवं होशंगाबाद की जेलों को केन्द्रीय जेलों के रूप में उन्नयन करते हुए केन्द्रीय जेल के समकक्ष घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. टी. एक्का, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 18 सितम्बर 2013

क्र. एफ-02(वी) 01-2013-तीन-जेल.—राज्य शासन एतद्द्वारा मध्यप्रदेश जेल मैन्युअल के नियम 815(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय जेल भोपाल के लिये श्री सत्यार्थ प्रकाश अग्रवाल पिता श्री भरत भूषण अग्रवाल, 2/3 सौरभ कालोनी, चांदबड़ भोपाल, श्री वीरेन्द्र पाठक पिता श्री आर. पी. पाठक ई 150 ओल्ड मिनाल रेसीडेन्सी, जे. के. रोड, भोपाल, श्री इमरतलाल धार्मित पिता स्व. श्री चन्द्रअवतार धार्मित म. नं. 106, गली नं. 4 महामाई का बाग रेल्वे स्टेशन, भोपाल, श्री प्रमोद पोलघंटरवार पिता श्री नामदेव राव, आई-67/19, साउथ टी. टी. नगर, जवाहर चौक भोपाल, श्री जगदीश यादव, पिता श्री राम सनेही यादव, 5/1, जैन नगर, गुफा मंदिर के सामने, लालघाटी, भोपाल, श्रीमती वंदना जाचक पिता श्री सुधीर जाचक, एल.आई.जी. 38/4, सरिता काम्पलेक्स, पांच नं. स्टाप, शिवाजी नगर, भोपाल, श्रीमती हंसकुंवर राजपूत पति श्री चन्द्रमोहन सिंह राजपूत, एल.आई.जी. 175, राजीव नगर ए-सेक्टर, अयोध्या वायपास फेस तीन, भोपाल एवं श्री नरेश परोलिया पिता श्री बी.एल. परोलिया मकान नं. एम 120, पदमनाभ नगर, एफ सेक्टर, बरखेड़ा, बी.एच.ई.एल., भोपाल को आगामी तीन वर्षों के लिये अशासकीय संदर्श नियुक्त करता है. राज्य शासन जनहित में इन नियुक्ति को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त कर सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दशरथ कुमार, उपसचिव.

पर्यटन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 सितम्बर 2013

क्र. एफ-1-6-2013-तैंतीस.—राज्य शासन एतद्द्वारा निर्णय लिया गया है कि शासकीय भूमि आवंटन नीति 2008 की कंडिका क्र. 1.2.3 में जहां-जहां पी.सी.आई.बी. (प्रोजेक्ट क्लीयरेंस एण्ड एम्पलीमेटेशन बोर्ड) की अनुमति व स्वीकृति आवश्यक थी, के स्थान पर निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद् समिति (कैबिनेट कमेटी फॉर इनवेस्टमेंट) की अनुमति व स्वीकृति प्रदान की जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. बाजपेयी, अपर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 1 अक्टूबर 2013

फा. क्र. 1-2-90-3763-इक्कीस-ब(एक).—अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (1989 का 33) की धारा 14 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक माननीय मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, विशेष न्यायालय, श्योपुर से संबंधित इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-2-90-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 4 मई, 2007 में आंशिक संशोधन करते हुए, एतद्द्वारा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्योपुर के न्यायालय को उक्त अधिनियम के अधीन अपराधों का विचारण करने के लिये विशेष न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट करती है.

2. इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-2-90-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 4 मई, 2007 द्वारा गठित विशेष न्यायालय, श्योपुर में लंबित सभी मामले, पैरा 1 के अधीन विशेष न्यायालय का गठन होने की तारीख को संबंधित विशेष न्यायालय में अंतरित हो जाएंगे.

F. No. 1-2-90-3763-XXI-B(1).—In exercise of the powers conferred by Section 14 of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 (No. 33 of 1989), the State Government with concurrence of Hon'ble the Acting Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh in partial amendment of the Department's Notification F. No. 1-2-90-XXI-B(1), dated 4th May, 2007 relating to Special Court, Sheopur hereby specify the Court of District and Sessions Judge, Sheopur to be a Special Court to try the offences under the said Act.

2. All cases pending in the Special Court of Sheopur constituted by this Department's Notification F. No. 1-2-90-XXI-B(1), dated 4th May, 2007, on the date of constitution of Special Court under para-1, shall stand transferred to the respective Special Court.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 27 सितम्बर 2013

फा. क्र. 1(बी)-42-2004-इक्कीस-ब(दो).— दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री लोकेश पुरोहित पुत्र श्री अवंतीलाल जी, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये धार सत्र खण्ड के धार राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक जिला धार नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री लोकेश पुरोहित की जन्म तिथि 24 नवम्बर 1965 (चौबीस नवम्बर उन्नीस सौ पैंसठ) है और उनकी दिनांक 23 नवम्बर 2027 (तेईस नवम्बर दो हजार सत्ताईस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

फा. क्र. 1(बी)-42-2004-इक्कीस-ब(दो).— दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्रीमती कोमल विजयवर्गीय पति श्री दीपक कुमार विजयवर्गीय, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये धार सत्र खण्ड के धार राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक जिला धार नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्रीमती कोमल विजयवर्गीय की जन्म तिथि 20 अक्टूबर 1969 (बीस अक्टूबर उन्नीस सौ उन्हत्तर) है और उनकी दिनांक 19 अक्टूबर 2031 (उन्नीस अक्टूबर दो हजार इकतीस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

फा. क्र. 1(बी)-15-2004-इक्कीस-ब(दो).— दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री शंकरलाल मालवीय पुत्र स्व. श्री बारेलाल मालवीय, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये होशंगाबाद सत्र खण्ड के होशंगाबाद राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक तहसील सोहागपुर, जिला होशंगाबाद नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री शंकरलाल मालवीय की जन्म तिथि 19 नवम्बर 1965 (उन्नीस नवम्बर उन्नीस सौ पैंसठ) है और उनकी दिनांक 18 नवम्बर 2027 (अट्ठारह नवम्बर दो हजार सत्ताईस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

भोपाल, दिनांक 28 सितम्बर 2013

फा. क्र. 1(सी)-22-2013-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो) 2013.—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अनुसार देवास जिले के लिये विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय के लिये अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 के नियम 4(1) के अनुसार श्री अशोक चावला, अधिवक्ता को जिला देवास में विशिष्ट ज्येष्ठ अधिवक्ता नियुक्त करता है.

उक्त नियुक्ति उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से तीन वर्ष के लिये होगी. यह नियुक्ति बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है. किसी भी स्थिति में 62 वर्ष की आयु के पश्चात् वे उक्त पद पर कार्य करने हेतु अर्ह नहीं होंगे. (इनकी जन्मतिथि दिनांक 30 मई 1972 है तथा दिनांक 29 मई 2034 को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.)

विशेष लोक अभियोजक की अनुपस्थिति के दिनांक पर विशेष न्यायालय में केवल उस दिन की कार्यवाही हेतु पैनल अधिवक्ताओं को कार्य चक्रानुक्रम से जिला दण्डाधिकारी द्वारा आवंटित किया जायेगा.

नियुक्त अभिभाषक को शुल्क आदि विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1(सी) एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 24 अप्रैल 2008 के अनुरूप देय होंगे.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 64-मुख्य शीर्ष-2225-(5171) विशेष न्यायालयों की स्थापना-31-व्यावसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां-003-अभिभाषकों को फीस के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

देयक का भुगतान उक्त शीर्ष से संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जायेगा.

फा. क्र. 1(सी)-23-2013-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो) 2013.—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अनुसार सतना जिले के लिये विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय के लिये अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995

के नियम 4(1) के अनुसार श्री अखिलेश कुमार अवधिया, अधिवक्ता को जिला सतना में विशिष्ट ज्येष्ठ अधिवक्ता नियुक्त करता है.

उक्त नियुक्ति उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से तीन वर्ष के लिये होगी. यह नियुक्ति बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है. किसी भी स्थिति में 62 वर्ष की आयु के पश्चात् वे उक्त पद पर कार्य करने हेतु अर्ह नहीं होंगे. (श्री अखिलेश कुमार अवधिया की जन्मतिथि 5 जनवरी 1972 है और उनकी आयु दिनांक 4 जनवरी 2034 को 62 वर्ष पूर्ण होगी.

विशेष लोक अभियोजक की अनुपस्थिति के दिनांक पर विशेष न्यायालय में केवल उस दिन की कार्यवाही हेतु पैनल अधिवक्ताओं को कार्य चक्रानुक्रम से जिला दण्डाधिकारी द्वारा आवंटित किया जायेगा.

नियुक्त अभिभाषक को शुल्क आदि विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1(सी) एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 24 अप्रैल 2008 के अनुरूप देय होंगे.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 64-मुख्य शीर्ष-2225-(5171) विशेष न्यायालयों की स्थापना-31-व्यावसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां-003-अभिभाषकों को फीस के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

देयक का भुगतान उक्त शीर्ष से संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जायेगा.

फा. क्र. 1(बी)-42-2004-इक्कीस-ब(दो).— दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री दीपक भंडारी पुत्र स्व. श्री रमणलाल जी भंडारी, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये झाबुआ सत्र खण्ड के झाबुआ राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक जिला झाबुआ नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री दीपक भंडारी की जन्म तिथि 9 फरवरी 1969 (नौ फरवरी उन्नीस सौ उन्हत्तर) है और उनकी दिनांक 8 फरवरी 2031 (आठ फरवरी दो हजार इक्कतीस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

फा. क्र. 1(बी)-42-2004-इक्कीस-ब(दो).— दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री मानसिंह भूरिया पुत्र श्री झीतराजी भूरिया, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये झाबुआ सत्र खण्ड के झाबुआ राजस्व जिले के लिये लोक अभियोजक जिला झाबुआ नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री मानसिंह भूरिया की जन्म तिथि 13 मार्च 1963 (तेरह मार्च उन्नीस सौ त्रैसठ) है और उनकी दिनांक 12 मार्च 2025 (बारह मार्च दो हजार पच्चीस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर 2013

फा. क्र. 1(सी)-22-2013-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो) 2013.—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अनुसार विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय के लिये अधिनियम की धारा-15 के अन्तर्गत श्री नरेन्द्र कुमार तिवारी, अधिवक्ता को जिला शाजापुर में विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करता है. [श्री नरेन्द्र तिवारी की जन्म तिथि 10 जून 1965 (दस जून उन्नीस सौ पैंसठ) है एवं उनकी आयु दिनांक 9 जून 2027 (नौ जून दो हजार सत्ताईस) को 62 वर्ष पूर्ण होगी.]

उक्त नियुक्ति उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से तीन वर्ष के लिये होगी. यह नियुक्ति बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है. किसी भी स्थिति में 62 वर्ष की आयु के पश्चात् वे उक्त पद पर कार्य करने हेतु अर्ह नहीं होंगे.

नियुक्त अभिभाषक को शुल्क आदि विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1(सी) एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 24 अप्रैल 2008 के अनुरूप देय होंगे.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 64-मुख्य शीर्ष-2225-(5171) विशेष न्यायालयों की स्थापना-31-व्यावसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां-003-अभिभाषकों को फीस के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

देयक का भुगतान उक्त शीर्ष से संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जायेगा.

फा. क्र. 1(बी)-07-2004-इक्कीस-ब(दो).— दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन,

एतद्द्वारा, श्री अरूण कुमार मिश्र पुत्र श्री अर्जुन प्रसाद मिश्र, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये सीधी सत्र खण्ड के सीधी राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक जिला सीधी नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री अरूण कुमार मिश्र की जन्मतिथि 1 जुलाई 1967 (एक जुलाई उन्नीस सौ सड़सठ) है और उनकी दिनांक 30 जून 2029 (तीस जून दो हजार उन्तीस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

फा. क्र. 1(बी)-10-2004-इक्कीस-ब(दो).— दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री विकास कुमार बोहोरा (जैन) पुत्र श्री सुमति लाल जैन, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये मंदसौर सत्र खण्ड के मंदसौर राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक जिला मंदसौर नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री विकास कुमार बोहोरा (जैन)की जन्म तिथि 5 फरवरी 1964 (पांच फरवरी उन्नीस सौ चौंसठ) है और उनकी दिनांक 4 फरवरी 2026 (चार फरवरी दो हजार छब्बीस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एम. चतुर्वेदी, सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2013

फा. क्र. 1(सी)-23-2008-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 25 सितम्बर 2012 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, मुख्यपीठ जबलपुर में विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन भोपाल मध्यप्रदेश के दाण्डिक प्रकरणों, अपील पुनरीक्षण एवं अन्य विविध दाण्डिक प्रकरणों में विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त संगठन) भोपाल की ओर से पैरवी हेतु नियुक्त श्री आदित्य अधिकारी अधिवक्ता जबलपुर को 55,000/- (पचपन हजार) (जिसमें संगठन द्वारा प्रदत्त दाण्डिक से भिन्न मामलों का पारिश्रमिक भी शामिल है.) के मासिक पारिश्रमिक पर, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 24(8) के अन्तर्गत उनके कार्यकाल में दिनांक 9 अक्टूबर 2013 से 8 अक्टूबर 2014 तक की, अभिवृद्धि करता है. इसके अलावा वे संबंधित प्रकरण का स्टेशनरी आदि का अनुषांगिक व्यय भी पा सकेंगे. प्रत्येक माह के बिल की राशि का भुगतान विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन भोपाल मध्यप्रदेश करेगा.

फा. क्र. 1(सी)-23-2008-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 25 सितम्बर 2012 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर में विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन भोपाल मध्यप्रदेश के दाण्डिक प्रकरणों, अपील पुनरीक्षण एवं अन्य विविध दाण्डिक प्रकरणों में विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त संगठन) भोपाल की ओर से पैरवी हेतु नियुक्त श्री जयसिंह डी. सूर्यवंशी, अधिवक्ता ग्वालियर को 40,000/- (चालीस हजार) (जिसमें संगठन द्वारा प्रदत्त दाण्डिक से भिन्न मामलों का पारिश्रमिक भी शामिल है.) के मासिक पारिश्रमिक पर, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 24(8) के अन्तर्गत उनके कार्यकाल में दिनांक 9 अक्टूबर 2013 से 8 अक्टूबर 2014 तक की, अभिवृद्धि करता है. इसके अलावा वे संबंधित प्रकरण का स्टेशनरी आदि का अनुषांगिक व्यय भी पा सकेंगे. प्रत्येक माह के बिल की राशि का भुगतान विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन भोपाल मध्यप्रदेश करेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. वर्मा, सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 सितम्बर 2013

क्र. एफ-1 (ए) 214-1996-ब-2-दो.—श्री आर. के. गुप्ता, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा को दिनांक 1 से 8 अगस्त 2013 तक कुल आठ दिवस का अर्जित अवकाश, दिनांक 9,10 एवं दिनांक 11 अगस्त 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ सहित स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री आर. के. गुप्ता, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. के. गुप्ता, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एम. उपाध्याय, अपर मुख्य सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 3 अक्टूबर 2013

फा. क्र. 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब (एक)-3778-013.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का संख्यांक 36) की धारा 153 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा.क्रमांक 17(ई)83-03-इक्कीस-ब (एक), दिनांक 16 सितम्बर, 2010 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग—1, में दिनांक 24 सितम्बर, 2010 को प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 74 एवं 74-क तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

अनुक्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता (विद्युत क्षेत्र के अनुसार)
(1)	(2)	(3)	(4)
"74	राजगढ़	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, नरसिंहगढ़	नरसिंहगढ़ का विद्युत क्षेत्र
74-क	राजगढ़	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सारंगपुर	सारंगपुर एवं पाचौर का विद्युत क्षेत्र".

टिप्पणी:—विशेष न्यायालय में लंबित मामले उनकी क्षेत्रीय अधिकारिता के अनुसार नवीन गठित न्यायालय में अंतरित हो जायेंगे.

F. No. 17 (E)83-03-XXI-B(1)-3778-013.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following amendments in this Department's Notification F. No. 17(E)83-03-XXI-B(1) dated 16th September, 2010, which was published in the Madhya Pradesh Gazette Part-1, dated 24th September, 2010 namely:—

AMENDMENT

In the said notification, in the table, for serial numbers 74 & 74-A and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Territorial jurisdiction of Special Court (According to the electricity Area)
(1)	(2)	(3)	(4)
"74	Rajgarh	Additional Sessions Judge, Narasinghgarh	Electricity area of Narasinghgarh
74-A	Rajgarh	Additional Sessions Judge, Sarangpur	Electricity area of Sarangpur & Pachore".

Note:—The pending cases of the Special Court shall be stand transfetted to newly constituted court according to their territorial jurisdiction.

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2013

फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब(एक) 3958-2013.—स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 36 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-6-89-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 3 अप्रैल, 1998 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 17 अप्रैल, 1998 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 4, 7, 7-क, 21, 39, 50 तथा 51 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

अनुसूची

अनुक्रमांक	न्यायाधीश का नाम तथा पदनाम	विशेष न्यायालय	स्थानीय क्षेत्र/सेशन खण्ड
(1)	(2)	(3)	(4)
"4.	श्रीमती अनुराधा शुक्ला, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश	रीवा	रीवा
7.	श्री लीलाधर बौरासी, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति.	मंदसौर	मंदसौर
7-क.	श्री मो. मूसा खान, पंचम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश	अतिरिक्त विशेष न्यायालय, मंदसौर.	मंदसौर
21.	श्री आलोक कुमार वर्मा, (जूनि.)प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश.	रायसेन	रायसेन
39.	श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश	सतना	सतना
50.	श्री सनत कुमार कश्यप, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश	अनूपपुर	अनूपपुर
51.	श्री प्रताप सिंह कुशवाह, सत्र न्यायाधीश	अलीराजपुर	अलीराजपुर".

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F. No. 1-6 89-XXI-B(1)-3958-2013.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government, with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following Further amendments in this Department's Notification No. F. 1-6-89-XXI-B(1) dated 3rd April, 1998, which was published in the Madhya Pradesh Gazette Part-1, dated the 17th April, 1998 namely:—

AMENDMENT

In the said notification, in the Schedule, for serial numbers 4, 7, 7-A, 21, 39, 50 and 51and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

SCHEDULE

S. No.	Name and Designation of the Judge	Special Court	Local area Session Divisions
(1)	(2)	(3)	(4)
"4.	Smt. Anuradha Shukla, Additional Sessions Judge.	Rewa	Rewa
7.	Shri Leeladhar Borasi, Special Judge, Schedule Scates/Schedule Tribes.	Mandsaur	Mandsaur

(1)	(2)	(3)	(4)
7-A.	Shri Mo.Moosa Khan, Vth Additional Sessions Judge.	Additional Special Court, Mandsaur.	Mandsaur
21.	Shri Alok Kumar Verma, (Jr.) Ist Additional Sessions Judge.	Raisen	Raisen
39.	Shri Rajendra Prasad Gupta, 1st Additional Sessions Judge.	Satna	Satna
50.	Shri Sanat Kumar Kashyap, Additional Sessions Judge.	Anuppur	Anuppur
51.	Shri Pratap Singh Kushwaha, Sessions Judge.	Alirazpur	Alirazpur''.

This amendment shall come into force from the date on which the judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2013

क्र. एफ-3-45-2011-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक एक सन् 2012), की धारा 23-''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक-एफ-3-45-2011-बत्तीस, दिनांक 02 सितम्बर 2011 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रवर्तित मंदसौर विकास योजना 2011 में निम्न उल्लेखित शर्तों के साथ उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे एवं शर्तें निम्नानुसार हैं:—

अनुसूची

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्र.	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम सोंधानी	43, 44, 41, 42, 53, 54, 55, 56, 46, 47,	7.85	कृषि	औद्योगिक
		योग . .	7.85		

(1) यह कि आवेदक संस्था ने मध्यप्रदेश तथा ग्राम निवेश नियम, 2012 के नियम 15 के अंतर्गत देय राशि रु. 83,01,375/- (रुपये त्रियासी लाख एक हजार तीन सौ पिचहत्तर रुपये मात्र) दिनांक 09 जुलाई 2013 को भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मंदसौर के चालान क्रमांक-99 द्वारा राजकीय कोष में जमा कर दी है.

(2) उपरोक्त उपांतरण मंदसौर विकास योजना 2011 का एकीकृत भाग होगा.

क्र. एफ-3-81-2013-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक एक सन् 2012), की धारा 23-''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक-एफ-3-81-2013-बत्तीस, दिनांक 12 अगस्त 2013 द्वारा प्रस्तावित किये गये अनुसार प्रवर्तित भोपाल विकास योजना 2005 में निम्नानुसार उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार हैं:—

अनुसूची

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्र.	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम कानासैया	197, 198, 204, 261, 313, 315, 375, 386, 397,	160.44	कृषि	सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक पी.एस.पी.-3 शर्तः—1. पार्ट ए से पार्ट बी के मार्ग की चौड़ाई 30 मीटर रखी जावे तथा मार्ग का विकास परिसर के विकास के साथ किये जावे. 2. पर्यावरण के मानकों को सुनिश्चित किया जावे.
		योग . .	160.44		

(2) उक्त उपांतरण भोपाल विकास योजना 2005 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
''निर्वाचन भवन''
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, (मध्यप्रदेश)—462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 25 सितम्बर 2013

क्र. एफ. 67-41-12-तीन-1041.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण), दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जुलाई , 2012 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका, परिषद मनावर जिला धार** के आम निर्वाचन में **श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थे इस **नगर परिषद** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 10 **जुलाई**, 2012 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 9 अगस्त, 2012 तक, श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी धार के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धार के पत्र दिनांक 25 अगस्त, 2012 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे**

को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 4 अक्टूबर 2012 को जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में **श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 27 नवम्बर 2012 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 12 दिसम्बर 2012 तक अपना उत्तर प्रस्तुत करना था. आयोग द्वारा **श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे** को कारण बताओ सूचना पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर से उनका अभिमत चाहा गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला धार से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 20 जून 2013 में प्रतिवेदित है कि "अभ्यर्थी **श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे** द्वारा आज दिनांक तक निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है.".

आयोग द्वारा विचारोपरान्त दिनांक 3 अगस्त 2013 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया. अभ्यर्थी **श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे** उक्त दिवस को आयोग में उपस्थित नहीं हुए. सूचना पत्र की तामीली अभ्यर्थी **श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे** को दिनांक 1 अगस्त 2013 को विहित समयावधि में कराई गई.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा-32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री हेमन्त कुमार उद्धव कुमार पाण्डे** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा नगर पालिका परिषद मनावर जिला धार का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 27 सितम्बर 2013

क्र. एफ. 67-20-12-तीन-1061.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

